भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न सं. 954

मंगलवार, 27 जुलाई, 2021/05 श्रावण, 1943 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

पूर्वोत्तर राज्यों में पर्यटन संबंधी परियोजनाएं

954 श्रीमती झरना दास बैद्य:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2019-20 और 2021 के दौरान पूर्वोत्तर राज्यों में सरकार द्वारा प्रोयोजित पर्यटन संबंधी परियोजनाओं के नाम क्या-क्या हैं;

(ख) क्या सरकार ने त्रिपुरा राज्य में स्थित पर्यटन स्थलों में किसी परियोजना के लिए कोई राशि संस्वीकृत की है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (घ): पर्यटन का विकास मुख्य रूप से संबंधित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों का दायित्व है। पर्यटन मंत्रालय अपनी 'स्वदेश दर्शन' और 'तीर्थयात्रा पुनरुद्धार और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान पर राष्ट्रीय मिशन' (प्रशाद) की योजनाओं के तहत देश में पर्यटन अवसंरचना और सुविधाओं के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ शासित प्रदेशों आदि को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। इन योजनाओं के तहत विकास के लिए परियोजनाओं की पहचान राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के परामर्श से की जाती है और उन्हें निधियों की उपलब्धता, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्ट की प्रस्तुति, योजना दिशानिर्देशों के अनुपालन और पहले जारी की गई निधियों के उपयोग आदि की शर्त पर स्वीकृति प्रदान की जाती है।

पर्यटन मंत्रालय की स्वदेश दर्शन और प्रशाद योजना के अंतर्गत त्रिपुरा सहित पूर्वोत्तर राज्यों में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में है।

****

अनुबंध

पूर्वोत्तर राज्यों में पर्यटन संबंधी परियोजनाएं के सम्बन्ध में दिनांक 27.07.2021 के राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 954 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में विवरण

स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोनाओं का विवरण (करोड़ रु. में)

क्र. सं.	राज्य /संघ क्षेत्र	परिपथ	स्वीकृति वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि
1.	अरुणाचल प्रदेश	पूर्वोत्तर परिपथ	2014-15	भालुकपोंग-बोमडिला और तवांग में मेगा परिपथ का विकास	49.77
2.	अरुणाचल प्रदेश	पूर्वोत्तर परिपथ	2015-16	नफरा,सेप्पा,पप्पू, पासा, पक्के घाटी, सांगडुपोटा, न्यू सागले, जीरो, योमचा का विकास	96.72
3.	असम	वन्यजीव परिपथ	2015-16	मानस-प्रोबितोरा- नामेरी- काजीरंगा-डिब्रू-साइखोवा का विकास	94.68
4.	असम	विरासत परिपथ	2016-17	तेजपुर - माजुली -शिवसागर का विकास	90.98
5	मणिपुर	पूर्वोत्तर परिपथ	2015-16	मणिपुर में इम्फाल-खोंगजोम पर्यटक परिपथ का विकास	72.23
6	मणिपुर	आध्यात्मिक परिपथ	2016-17	श्री गोविन्दजी मंदिर, श्री बिजयगोविंदजी मंदिर - श्री गोपीनाथ मंदिर - श्री बंगशीबदन मंदिर - श्री कैना मंदिर का विकास	53.80
7	मेघालय	पूर्वोत्तर परिपथ	2016-17	उमियम (लेक व्यू), यूलुम सोहपेटबेंग –मऊडियोगडियोग – आर्किड लेक रिज़ॉर्ट का विकास	99.13
8	मेघालय	पूर्वोत्तर परिपथ	2018-19	पश्चिम खासी पहाड़ियों (नोंगख्लाव-क्रैमटिरोट - खुडोई और कोहमंगफॉल्स - खारी नदी-मावतद्रिशान, शिलोंग), जयंतिया हिल्स (क्रंगसुरी फॉल्स- शिरमांग – लूकसी), गारो हिल्स (नोकरेक रिजर्व,कट्टाबील, सिजू गुफा) का विकास	84.97

9	मिजोरम	पूर्वोत्तर परिपथ	2015-16	तंजावल दक्षिण ज़ोट, जिला सेरछिप तथा रीक का समेकित विकास	92.26
10	मिजोरम	इको परिपथ	2016-17	एज़ावल -रावपुइछिप -कॉवफवप-लेंगपुई - डर्टलैंग -चेतलांग- में सकरावुमदुआइट्लंग -मूथी - बेरतलॉन्ग -टिरियल एयरफ़ील्ड-मूईफांग इको- एडवेंचर परिपथ का विकास	66.37
11	नागालैंड	जनजातीय परिपथ	2015-16	पेरेन - कोहिमा- वोखा परिपथ का विकास	97.36
12	नागालैंड	जनजातीय परिपथ	2016-17	मोकोकचुंग - तुएनसांग-मोन का विकास	98.14
13	सिक्किम	पूर्वोत्तर परिपथ	2015-16	लिंकिंग रंगपो (प्रवेश) - रोराथांग-अरितर- फड़मचेन-नाथांग-शेरथांग-त्सोंगमो- गंगटोक-फोडोंग- मंगन-लाचुंग-युमथांग- लाचेन - थंगु-गुरूदोंगमर- मंगन-गंगटोक-टमिनलिंगी- सिंगटम (निकास) पर्यटक परिपथ का विकास	98.05
14	सिक्किम	पूर्वोत्तर परिपथ	2016-17	सिंग्तम-माका-टेमी-बरमोइक टोकेल-फोंगिआ-नाम्ची-जोरथांग-ओखरे-सोमबरिया- दारमदीन- जोरथांग-मेली (निकास) को जोड़ते हुए पर्यटक परिपथ का विकास	95.32
15	त्रिपुरा	पूर्वोत्तर परिपथ	2015-16	अगरतला-सिपाहीजला-मेलाघर-उदयपुर- अमरपुर- तीर्थमुख-मंदिरघाट- डूम्बुर- नारिकेलकुंजा-गंडचारा-अंबासा में उत्तर - पूर्वी परिपथ का विकास	82.84
16	त्रिपुरा	पूर्वोत्तर परिपथ	2018-19	सूरमा चेरा - उनाकोटी- जम्पुई हिल्स- गुनाबाती-भुनानेश्वरी-माताबाड़ी - नीरमहल- बॉक्सानगर-चोताखोला- पिलक- अवंगचारा का विकास	65.00

प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण: **(राशि करोड़ रु. में)**

क्र. सं.	**राज्यसंघ / राज्य क्षेत्र**	**परियोजना संख्या**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृति का वर्ष**	**स्वीकृत लागत**
1	**अरुणाचल प्रदेश**	1.	लोहित जिले में परशुराम कुंड का विकास।	2020-21	37.88
2	**असम**	2.	गुवाहाटी में कामाख्या मंदिर और इसके आस-पास तीर्थ गंतव्य का विकास	2015-16	29.99
3	**मेघालय**	3.	मेघालय में तीर्थस्थल सुविधाओं का विकास	2020-21	29.32
4	**नगालैंड**	4.	नागालैंड में तीर्थस्थल अवसंरचना का विकास	2018-19	25.26
5	**सिक्किम**	5.	चार पैट्रन सेंट, युकसोम में तीर्थयात्रा सुविधा का विकास	2020-21	33.32
6	**त्रिपुरा**	6.	त्रिपुरा सुंदरी मंदिर, उदयपुर का विकास	2020-21	37.84

****